बयान

# अल्बर्टा पहले से अधिक मजबूत: प्रीमियर स्मिथ

29 मई, 2024 मीडिया पूछताछ

## प्रीमियर डेनियल स्मिथ ने निम्नलिखित बयान जारी किया कि किस प्रकार अल्बर्टा की सरकार अपने वादों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है:

“आज से एक वर्ष पहले अल्बर्टा के मतदाताओं ने हमारी सरकार को लगातार दूसरी बार चुना था। सबसे पहले, मैं यह कहना चाहती हूं कि अल्बर्टा वासियों के प्रीमियर के रूप में उनकी सेवा करने के योग्य होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। मैं यह नहीं बता सकती कि मुझे इस खूबसूरत प्रांत और इसे अपना घर कहने वाले लोगों पर कितना गर्व है। पिछले 12 महीनों में, हमारी सरकार पिछले चुनाव में अल्बर्टा वासियों से किए गए कई वादों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि सरकारी MLAs, कैबिनेट मंत्रियों और प्रांतीय पब्लिक सर्विस की उत्कृष्ट टीम के साथ, हम अल्बर्टा एडवांटेज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के अपने अधिदेश को पूरा कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह प्रांत रहने, काम करने, निवेश करने और परिवार को बढ़ा करने के लिए सर्वोत्तम स्थान बना रहे।

"प्रीमियर के रूप में, मैं हमेशा अल्बर्टा और अल्बर्टा वासियों के लिए लड़ती रहूंगी। हमारी सरकार संघीय कार्बन कर का विरोध जारी रखे हुए है और उसने ऐसी नीतियां लागू की हैं जिनसे कैनेडा-व्यापी जीवन-यापन लागत संकट के दौरान अल्बर्टा वासियों को ठोस राहत मिली है। ईंधन कर छूट को 2023 के अंत तक बढ़ाने जैसी नीतियां, अल्बर्टा वासियों को $2 बिलियन से अधिक की बचत कराती हैं, तथा सभी कर स्लैबों को अनुक्रमित करती हैं, ताकि कड़ी मेहनत करने वाले अल्बर्टा वासी अपनी कमाई का अधिक हिस्सा अपने पास रख सकें। हम रजिस्ट्री सेवाओं पर 25 प्रतिशत की छूट देकर यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि अल्बर्टा के बुज़ुर्ग अपनी आवश्यक सेवाओं का बेहतर ढंग से वहन कर सकें।

"अल्बर्टा उत्सर्जन न्यूनीकरण प्रौद्योगिकियों (emissions reduction technologies) में एक विश्वसनीय नेता बना हुआ है और दुनिया की कुछ सबसे जटिल ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए समाधान प्रस्तुत करने के लिए जाना जाता है। हमारे अल्बर्टा पेट्रोकेमिकल्स इन्सेन्टिव प्रोग्राम (Alberta Petrochemicals Incentive Program) की सफलता के आधार पर, हमने नए कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण बुनियादी ढांचे के विकास को समर्थन और गति देने के लिए अल्बर्टा कार्बन कैप्चर इन्सेन्टिव प्रोग्राम (Alberta Carbon Capture Incentive Program) शुरू किया है। इससे अल्बर्टा को कम कार्बन वाले भविष्य में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी तथा हमारी विविध अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियां पैदा होंगी।

"कैनेडा के आर्थिक और रोजगार सृजन इंजन के रूप में, अल्बर्टा देश में सबसे कम कर वातावरण और सबसे अधिक व्यापार-अनुकूल नीतियों को बढ़ावा देना जारी रखता है। दिसंबर 2023 में, हमने अल्बर्टा के करों को कम रखने के लिए *करदाता संरक्षण अधिनियम (Taxpayer Protection Act)* का विस्तार किया और यह सुनिश्चित किया कि भविष्य में कोई भी सरकार जनमत संग्रह में अल्बर्टा वासियों की मंजूरी के बिना व्यक्तिगत या व्यावसायिक करों में वृद्धि नहीं कर सकेगी।

"इस वर्ष की शुरुआत में, हमने हमारे अभियान की तुलना में अधिक दर पर, अल्बर्टा इज़ कॉलिंग मूविंग बोनस (Alberta is Calling Moving Bonus) की भी शुरुआत की। यह एकमुश्त, $5,000 का वापसीयोग्य टैक्स क्रेडिट, प्रांत से बाहर के श्रमिकों को योग्य, उच्च मांग वाली कुशल ट्रेड नौकरियों में करियर बनाने के लिए आकर्षित करने में मदद करेगा। हमारी विविध अर्थव्यवस्था का अर्थ है कि अल्बर्टा वासियों के लिए हर उद्योग में अधिक अवसर हैं। इसमें हमारा पर्यटन उद्योग भी शामिल है और हमने एक नई पर्यटन रणनीति जारी की है, जो 2035 तक अल्बर्टा की पर्यटक अर्थव्यवस्था को $25 बिलियन के लक्ष्य तक बढ़ाने में मदद करेगी। इन प्रयासों के एक भाग के रूप में, हम कैलगरी में विश्व स्तरीय अरीना और मनोरंजन डिस्ट्रिक्ट के लिए सहायक बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

“जब फर्स्ट नेशनज़ और मेटी उद्यमी सफल होते हैं, तो उनके समुदाय समृद्ध होते हैं। इन्डिजनस लोगों का हमारी समृद्धि में भागीदार बनना आवश्यक है और इसीलिए हमने अल्बर्टा इन्डिजनस आपर्टूनिटीज़ कॉर्पोरेशन (Alberta Indigenous Opportunities Corporation) की ऋण गारंटी क्षमता को बढ़ाकर $3 बिलियन कर दिया है। हमने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऐबओरिजनल बिज़िनस इन्वेस्टमेंट फंड (Aboriginal Business Investment Fund) को भी बढ़ाकर $10 मिलियन प्रतिवर्ष कर दिया है, ताकि इन्डिजनस समुदाय के स्वामित्व वाले व्यवसायों को सामाजिक-आर्थिक परिणामों में सुधार के लिए व्यवसाय विकास के अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिल सके।

“अलबर्टा के शहरों में, विशेष रूप से हमारे शहर के डाउनटाउन भागों में, दीर्घकालिक और बिगड़ता हुआ अपराध एक बड़ी समस्या है।“ इस मुद्दे के समाधान के लिए हमारी सरकार ने एडमंटन और कैलगरी में 100 पुलिस अधिकारियों के लिए धनराशि उपलब्ध कराई है, जिनमें से अब तक 50 को तैनात किया गया है। हमने एडमंटन में एक अत्यधिक सफल नेविगेशन और सहायता केंद्र भी खोला है, ताकि सबसे अतिसंवेदनशील लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार बेहतर सहायता मिल सके, चाहे वह सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र प्राप्त करने की क्षमता हो, आवास तक पहुंच हो, घावों की देखभाल हो, मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन सहायता हो और अपने परिवारों के साथ फिर से जुड़ना हो। हमने संगठित अपराध, बाल पोर्नोग्राफी, बंदूकों से संबंधित हिंसा और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए 2023 में अल्बर्टा लॉ एन्फॉर्स्मेन्ट रिस्पान्स टीम (Alberta Law Enforcement Response Team) को वित्त पोषण में वृद्धि की है। हमारी सरकार ने उच्च जोखिम वाले और बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों के लिए जमानत पर टखने का ब्रेसलेट कार्यक्रम शुरू करने के लिए कानून पारित किया, जिससे अल्बर्टा वासियों को सुरक्षित रखने में मदद मिली, जहां संघीय सरकार की नीतियां विफल रही हैं।

“अलबर्टा में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रणाली है जो भावी पीढ़ियों को सफलता के लिए तैयार कर रही है। इस सफलता को सुनिश्चित करने के लिए, हमने ऑटिज्म और अन्य जटिल आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए परीक्षण और शैक्षिक सहायता हेतु अतिरिक्त धनराशि देने का संकल्प लिया है। हमने दोहरे क्रेडिट प्रोग्रामिंग और करियर एवं प्रौद्योगिकी अध्ययन को भी बढ़ाया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र करियर के रास्ते तलाश सकें और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा में सार्थक बदलाव कर सकें। हम कुशल व्यवसायों को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहे हैं तथा यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अल्बर्टा वासी अपने लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में जानें तथा उन तक पहुंच बना सकें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हम उच्च मांग वाले कार्यक्रमों में नई सीटें जोड़ना जारी रख रहे हैं, जिसमें 11 अल्बर्टा पोस्ट-सेकेंडरी संस्थानों में 3,200 नई प्रशिक्षुता (apprenticeship) सीटें शामिल हैं, साथ ही हम उनके शैक्षिक स्थानों को बढ़ाने और बेहतर बनाने के लिए धन भी उपलब्ध करा रहे हैं। हाल ही में, हमने रेड डियर पॉलिटेक्निक की CIM-TAC सुविधा और NAIT के उन्नत कौशल केंद्र के लिए योजना कार्य को वित्त पोषित किया है। करियर। ये ट्रेड एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं और हमारी सरकार श्रम शक्ति की मांगों के साथ इन कौशलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसमें प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इंटरनेशनल यूनियन ऑफ ऑपरेटिंग इंजीनियर्स लोकल 955 के साथ ऐतिहासिक साझेदारी स्थापित करना भी शामिल है।

"अल्बर्टा वासियों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे प्रांत के हर कोने में जीवन की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए हम एक मजबूत, स्थिर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सभी के लिए काम करे। पिछले वर्ष हमने उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य

देखभाल तक पहुंच में सुधार लाने के लिए और भी अधिक प्रगति की है। हम नर्स प्रैक्टिशनर मॉडल लाए हैं, ताकि अधिकाधिक अल्बर्टा वासियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्राथमिक देखभाल प्रदाता मिल सके, तथा हमने पारिवारिक चिकित्सकों के लिए नए वित्तपोषण मॉडल की दिशा में काम करने के लिए एक समझौते की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त, हमारी सरकार ने अधिक बीमारियों और स्थितियों की जांच के लिए नवजात शिशुओं की जांच का विस्तार किया है तथा प्रांतव्यापी मिड्वाइफरी (midwifery) रणनीति के विकास के लिए $10 मिलियन आवंटित किए हैं। हम अगले दो वर्षों में अल्बर्टा विमिनज़ हेल्थ फाउंडेशन लिगेसी ग्रांट को $10 मिलियन तथा महिलाओं के स्वास्थ्य पर अनुसंधान के लिए कैलगरी हेल्थ फाउंडेशन को अतिरिक्त 10 मिलियन प्रदान कर रहे हैं।

"हम नशे की लत को लगातार बढ़ावा देने के बजाय, पुनर्वास-आधारित मॉडल का निर्माण जारी रखते हैं। इसके समर्थन के लिए, हमारी सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन देखभाल का विस्तार करने के लिए $1.55 बिलियन का आवंटन किया है, जिसमें युवाओं, फर्स्ट नेशनज़, मेटी, और इनुइट समुदायों के लिए सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन उपचार सुविधाओं में निवेश शामिल हैं। पिछले वर्ष के दौरान, हमने 11 विश्व स्तरीय रिकवरी समुदायों में से पहले दो खोले हैं, ताकि अधिक लोगों को रिकवरी का अवसर मिल सके। ये निवेश अल्बर्टा के परिवारों और समुदायों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

“स्वस्थ और सुरक्षित परिवारों और समुदायों को समर्थन देने के लिए हमें लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने और इससे प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए काम करते रहना होगा। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं और हमने अल्बर्टा में महिलाओं के आपातकालीन शेल्टरों के लिए अतिरिक्त $10 मिलियन आवंटित किए हैं, जिसमें $5 मिलियन और अधिक बिस्तर तथा उन स्थानों के लिए निधि उपलब्ध कराने के लिए शामिल हैं, जहां वर्तमान में कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं। हमने पूरे प्रांत में यौन उत्पीड़न केंद्रों को समर्थन देने के लिए अगले तीन वर्षों में $10 मिलियन देने का भी संकल्प लिया है।

"हम इस वर्ष की जंगल की आगों से अल्बर्टा के परिवारों और समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए भी अथक प्रयास कर रहे हैं। नए निवेशों का अर्थ है अतिरिक्त जंगल की आगों संबंधी कार्मिक और दल, साथ ही अधिक प्रौद्योगिकी और उपकरण, जिनमें नए रात्रि-दृष्टि हेलीकॉप्टर भी शामिल हैं, ताकि हम रात में जंगल की आगों से लड़ सकें, जब ठंडा तापमान हमारे पक्ष में होता है। हमारी सरकार उन सभी अद्भुत वन्यभूमि अग्निशामकों के साथ खड़ी है जो उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। हालांकि हम ऐसी मौजूदा परिस्थितियों की आशा करते हैं जो हमारी जंगल की आगों संबंधी टीमों को लाभ पहुंचाएंगी, हम बढ़ती हुई अग्निशमन आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, और हम अपनी प्रतिबद्धताओं में कोई कमी नहीं आने देंगे।

“हालांकि हमारी सरकार ने कम समय में बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। हम अल्बर्टा और अल्बर्टा वासियों के लिए उस कार्य को पूरा करने के लिए तत्पर हैं। मैं इस प्रांत में मौजूद अवसरों और भविष्य के लिए उत्साहित हूं। हम सब मिलकर अल्बर्टा की कहानी का एक नया अध्याय लिख रहे हैं। यह एक ऐसी कहानी है जिसका पूरे देश और दुनिया भर में गूंजना जारी है। जबकि हमारी सरकार को मंचों और बैठक कक्षों में उस कहानी को बताने का विशिष्ट सम्मान प्राप्त है, अंततः अल्बर्टा के परिवार, श्रमिक और व्यवसाय ही हैं जो इसकी विषय-वस्तु उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं।”

## मीडिया पूछताछ


### सैम ब्लैकेट (Sam Blackett)

587-589-6048
प्रेस सचिव, ऑफिस ऑफ द प्रीमियर